राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

रेडक्रॉस सोसाइटी कोरोना महामारी के संकट के दौर में जन–जागरूकता एवं राहत कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाये–राज्यपाल

पटना, 08 अप्रैल 2021

''रेडक्रॉस की शाखाएँ सभी जिलों एवं अनुमंडल मुख्यालयों में स्थापित करते हुए इसकी गतिविधियों को शहरी मलिन बस्तियों तथा सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाना चाहिए। बिहार जैसे आपदा–प्रवण राज्य में किसी भी तरह की आपदा की सूचना मिलते ही त्वरित राहत–कार्य के लिए सामग्रियों सहित तत्पर हो जाने की भरपूर क्षमता रेडक्रॉस सोसाइटी में होनी चाहिए। रेडक्रॉस सोसाइटी को अपना 'कैलेण्डर ऑफ इवेन्ट्स' तथा पूरे एक साल की गतिविधियों की कार्य–योजना, वर्ष की शुरूआत में ही बना लेनी चाहिए।''– उक्त विचार महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के चेयरमैन डॉ॰ बिनय बहादुर सिन्हा को 'रेडक्रॉस गोल्ड मेडल' प्रदान करने के लिए आयोजित सम्मान–समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि पिछले वर्ष कोरोना के समय भी रेडक्रॉस ने बेहतर काम किया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी मास्क और सेनेटाइजर–वितरण, कोरोना से बचाव हेतु जन–जागृति एवं क्वारेन्टाइन सेन्टरों के संचालन में रेडक्रॉस कार्यकर्त्ताओं द्वारा सहयोग पूरी निष्ठा और सक्रियता से किया जाना चाहिए। साथ ही जन–जागरूकता पैदा करते हुए अधिकाधिक संख्या में कोविड का टीकाकरण सम्पन्न कराने में भी रेडक्रॉस को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पिछले वर्ष भी रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच को लगभग 20 लाख रूपये राजभवन द्वारा दिये गये थे। इस वर्ष भी रेडक्रॉस परिसर पटना में ब्लड–बैंक–भवन के विकास हेतु 50 लाख 35 हजार रूपये की राशि राजभवन द्वारा प्रदान की गई है।

राज्यपाल ने कहा कि डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा के कार्यकाल में रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच एवं जिला शाखाओं की गतिविधियों में संतोषजनक प्रगति हुई है। रेडक्रॉस बिहार ब्रांच परिसर में आधारभूत संरचनाओं का विकास हुआ है तथा स्वास्थ्य–सुविधाएँ मुहैय्या कराने की दिशा में सार्थक प्रगति हुई है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि डॉ॰ सिन्हा और मुस्तैदी से रेडक्रॉस के लिए काम करेंगे। उन्होंने स्वर्ण–पदक मिलने पर डॉ॰ सिन्हा को बधाई दी।

ज्ञातव्य है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2016–17 में की गई उत्कृष्ट मानवीय सेवाओं के लिए 'रेडक्रॉस गोल्ड मेडल' एवं प्रमाण–पत्र का सम्मान डॉ॰ बी॰ बी॰ सिन्हा को दिये जाने की घोषणा विगत 15 अक्टूबर, 2020 की वर्चुअल आमसभा बैठक में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने की थी।

आज के कार्यक्रम में डॉ॰ सिन्हा ने माननीय राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल के प्रति इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल का स्वागत रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार ब्रांच के उपाध्यक्ष श्री उदयशंकर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल के जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ॰ एस॰के॰ पाठक ने किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सचिवालय एवं रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार ब्रांच के वरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

....